Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com
सांसें हो रही कम, आओ पौध लगाएं हम



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:09 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



विश्व पर्यावरण दिवस

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 305 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 5 जून 2025

रवि दुबे और सरगुन ने की नए...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### आज मनेगा गंगा दशहरा पर्व: आचार्य प्रकाश चंद्र

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती गांव गेठिया निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा है कि गंगा दशहरा पर्व (आज) सर्वार्थ सिद्धि योग, हस्त नक्षत्र व सिद्धि योग में मनेगा। आचार्य पंडित जोशी के मुताबिक वीरवार (आज) दिन यदि दशमी तिथि की बात करें तो 52 घड़ी 32 पल अर्थात अगले दिन सुबह 2.16 बजे तक एकादशी तिथि रहेगी। यदि नक्षत्र की बात करें तो इस दिन हस्त नामक नक्षत्र अहो रात्रि तक रहेगा। यदि योग की बात करें तो सिद्धि नामक योग 9 घड़ी 55 पल अर्थात प्रात: 9.13 बजे तक है। इस दिन तैतिल नामक करण 19 घड़ी 30 पल अर्थात अपराह्न 1.03 तक है। सबसे महत्वपूर्ण यदि इस दिन के चंद्रमा की स्थिति को जाने तो इस दिन चंद्र देव पूर्ण रूपेण कन्या राशि में विराजमान रहेंगे। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी रहेगा। यदि सर्वार्थ सिद्धि योग की बात करें तो सर्वार्थ सिद्धि योग 4 जून 2025 को प्रात: 3.35 बजे से प्रारंभ होगा और 5 जून को प्रात: 5.15 बजे तक रहेगा।

### सीएम के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां

**नैनीताल ।** जिला मुख्यालय नैनीताल में कल 6 जून को मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस सक्रिय हो गई है। जिला प्रशासन ने विभागों को साफ सफाई से लेकर अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि शुक्रवार 6 जून को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का नैनीताल में संभावित कार्यक्रम आयोजित होना है। जिसको लेकर जिला प्रशासन व पुलिस व्यवस्थाओं में जुट चुकी है। इधर बुधवार को एसडीएम नवाजिश खलीक व एसपी डा. जगडीश चन्द्र ने विभागीय अधिकारियों के साथ डीएसए मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने लोनिवि के अधिकारियों से मैदान में पड़े मलबे व निर्माण सामग्री को हटाने के निर्देश दिए। वहीं मैदान में साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाएं जुटाने के भी निर्देश दिए।

# राज्य मानवाधिकार आयोग के पुनर्गठन को मंजूरी, 12 नए पद सृजित किए जाएंगे

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग का गठन वर्ष 2011 में हुआ था। तब से इसके संरचनात्मक ढांचे में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ। सरकार ने राज्य मानवाधिकार आयोग के संरचनात्मक ढांचे के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है। इसके तहत आयोग में 12 नए पद सृजित किए जाएंगे। नए पदों के सृजन से आयोग में लंबित मामलों के निपटारे में तेजी आएगी। शिकायतों पर अधिक प्रभावी ढंग से कार्यवाही हो सकेगी। राज्य में मानवाधिकारों को संरक्षण मिलेगा। सरकार के इस फैसले का लंबे समय समय से इंतजार था, क्योंकि उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग का गठन वर्ष 2011 में हुआ था। तब से इसके संरचनात्मक ढांचे में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ। गठन के समय आयोग में कुल 47 पद सृजित किए गए थे, लेकिन पिछले 11 सालों में बढ़ती आम लोगों की शिकायतें और जिम्मेदारियों के बावजूद आयोग के पदों में वृद्धि नहीं हुई थी। शिकायतों लगातार संख्या बढ़ने के कारण आयोग के रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे थे। इसलिए वर्तमान संरचनात्मक ढांचे को पुनर्गठित किए जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिमंडल ने अनुमोदन दिया।



सीएम योगी ने किया देव विग्रहों का अभिषेक

# अयोध्या: राम मंदिर में हुई राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा

नई दिल्ली
एजेंसी

अयोध्या राम मंदिर में गंगा दशहरा के शुभ मुहूर्त पर राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ विशेष रूप से मौजूद रहे। रामनगरी के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय उस समय जुड़ गया, जब बृहस्पतिवार को राम मंदिर परिसर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा हुई। सीएम योगी आदित्यनाथ इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। राम दरबार समेत आठ देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर सुबह 11:25 से 11:40 बजे तक अभिजीत मुहूर्त में हुई। गंगा दशहरा के दिन इसका सिद्ध योग भी बन रहा था। इसी दिन रामेश्वरम की भी प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इसके पहले सुबह छह बजे से प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू हुआ। सभी देवताओं का पूजन यज्ञमंडप में किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा शुरू होते ही सभी दिशाओं से वैदिक मंत्रों की ध्वनि गूंजने लगी। ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर प्रांगण में पंडितों, आचार्यों और संतों का समवेत स्वर, शंखध्वनि और हवन की महक ने एक आध्यात्मिक वातावरण रच दिया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति ने इस गरिमामयी क्षण को और भी दिव्य बना दिया। मुख्यमंत्री ने सभी देव विग्रहों का अभिषेक किया। इसके बाद राम दरबार की मूर्ति से आवरण हटाया गया। राजा राम का आभूषणों से भव्य श्रृंगार किया गया। इस दौरान अयोध्या के 19 संत धर्माचार्य भी इस अवसर पर मौजूद रहे। इसके अलावा ट्रस्ट, संघ व विहिप के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इससे पहले सीएम ने हनुमानगढ़ी में भी दर्शन पूजन किया। सीएम तय समय पर सुबह 10.30 बजे अयोध्या पहुंच गए थे। रामकथा पार्क में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों ने उनकी अगवानी की।



बुधवार प्रात: साढ़े छह बजे से यज्ञमंडप में दो घंटे तक देवताओं का पूजन किया गया। अन्नाधिवास सुबह नौ बजे से 9-30 बजे तक संपन्न हुआ। यज्ञमंडप में हवन 9-35 से 10-35 बजे तक चला। 10-40 12-40 तक राम दरबार समेत सभी देव विग्रहों का अभिषेक किया गया। जिस मंदिर में देव विग्रह की स्थापना होनी है, वहां भी अभिषेक की प्रक्रिया संपन्न हुई। दोपहर दो बजे से तीन बजे तक उत्सव विग्रहों ने परिसर भ्रमण किया।

# गंगा दशहरा: हरिद्वार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ लगाई आस्था की डुबकी

देहरादून/हरिद्वार
हमारे संवाददाता

गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी स्नान पर्व के लिए पुलिस ने यातायात प्लान जारी किया है। बुधवार की रात 12 बजे से शहर में भारी वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया है। पांच, छह, सात जून तक यातायात प्लान जारी रहेगा।

गंगा दशहरा पर्व पर धर्म नगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। धर्मनगरी में उमड़ी भीड़ के चलते हरिद्वार-देहरादून हाईवे पर जाम लग गया। भारतीय सभ्यता और संस्कृति की पोषक मां गंगा अवतरण दिवस ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की दशमी को मनाया जाता है। कई दशकों बाद इस वर्ष गंगा दशहरा पर हस्त नक्षत्र, सिद्धि योग और व्यतिपात योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि इस दिव्य संयोग पर गंगा दशहरा पर्व पर गंगा में स्नान, दान व तप करने के कई गुना फल की प्राप्ति होती है। राजा भगीरथ अपने पुरखों को तारने के लिए मां गंगा को धरती पर लाए थे। युगों-युगों से मां गंगा प्राणी मात्र को जीवनदान के साथ ही मुक्ति भी देती आ रही है। स्वर्ग लोक से देवी गंगा ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, बुधवार दशमी तिथि, हस्त नक्षत्र, व्यतिपात योग की साक्षी में पृथ्वी पर अवतरित हुई थी। गंगा दशहरा के दिन गंगा तटों पर जाने-अनजाने हम पुण्य के बजाए कई पाप कर्म करते हैं।

जिसमें गंगा स्नान के दौरान शरीर के मैल को गंगा में नहीं धोना चाहिए। कपड़ों को गंगा में भी नहीं धोना चाहिए। यथाशक्ति दान के साथ ही गंगा में मिट्टी के दीपक में शुद्ध घी दीपक जलाकर अर्पण करना चाहिए। प्लास्टिक और अन्य अजैविक पदार्थों को गंगा में नहीं फेंकना चाहिए।



# सात जिलों में बारिश की चेतावनी तेज हवाओं का येलो अलर्ट जारी

देहरादून
हमारे संवाददाता

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में भी बारिश व तेज हवाओं के चलने की संभावना है, जबकि मैदानी इलाकों में तेज बारिश के साथ बिजली चमकने के आसार हैं।

उत्तराखंड के सभी जिलों के अधिकतर हिस्सों में आज (बृहस्पतिवार) भी बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावनाएं हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर देहरादून समेत उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में तेज बारिश व तेज हवाओं का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी बारिश व तेज हवाओं के चलने की संभावना है, जबकि मैदानी इलाकों में तेज बारिश के साथ बिजली चमकने के आसार हैं। आने वाले दिनों की बात करें तो छह जून तक प्रदेश भर में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। सात व दस जून तक उत्तराखंड में मौसम शुष्क रहेगा।



# राशन कार्ड सत्यापन कार्य का विरोध, कार्यालय में हंगामा

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

राशन कार्ड सत्यापन कार्य को लेकर शनिवार को रामपुर रोड स्थित क्षेत्रीय खाद्य कार्यालय में हंगामे और अव्यवस्था का माहौल बन गया। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी दिव्या अहीन पाण्डे ने कोतवाली में शिकायत देकर क्षेत्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। गौरतलब हैं कि 31 मई को उनके कार्यालय में 30 से 40 लोगों की भीड़ ने अनाधिकृत रूप से घुसकर उन्हें धमकाने और सत्यापन कार्य को रोकने का प्रयास किया। शिकायत में बताया गया कि यह भीड़ बनभूलपुरा संघर्ष समिति के संयोजक उवैस राजा के नेतृत्व में कार्यालय परिसर में दाखिल हुई थी। जब उनसे इस प्रदर्शन का कारण पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से राशन कार्ड सत्यापन कार्य का विरोध करने की बात कही। आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया बनभूलपुरा क्षेत्र में विशेष समुदाय के गरीब लोगों को निशाना बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी के अनुसार, उन्हें इस बाबत समझाया गया कि यह कार्य जिलाधिकारी के निर्देशानुसार पूरे जिले में समान रूप से चलाया जा रहा है। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने न सिर्फ असंतोष जताया, बल्कि उन्हें डराने-धमकाने और सत्यापन कार्य रुकवाने का भी दबाव बनाया। इस घटनाक्रम से कार्यालय के नियमित कार्यों में अव्यवस्था उत्पन्न हुई और कर्मचारियों में भय का वातावरण बन गया। उनका कहना है कि इस प्रकार की घटनाओं के कारण राशन कार्ड सत्यापन अभियान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और भविष्य में बनभूलपुरा क्षेत्र में भेजी जा रही टीमों को आम जनता के विरोध का सामना करना पड़ सकता है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए उवैस राजा समेत संबंधित लोगों के खिलाफ राजकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, कार्यालय में अवांछनीय भीड़ जुटाकर माहौल खराब करने और कर्मचारियों को धमकाने जैसे आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की गई है।मामले की जांच गहनता से कराई जा रही हैं।जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# होटल एंड रैस्टोरैंट एसोसिएशन पदाधिकारियों की बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन में होटल एंड रैस्टोरैंट एसोसिएशन नैनीताल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान राज्यपाल ने पदाधिकारियों के साथ नैनीताल एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पर्यटन सुविधाओं तथा अवस्थापना विकास से जुड़ी समस्याओं और उनके संभावित समाधानों पर विस्तृत चर्चा की।

राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल का प्राकृतिक सौंदर्य और नैनी झील पर्यटकों के प्रमुख आकर्षण हैं और इनकी लोकप्रियता देश-विदेश तक फैली है। उन्होंने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में आधुनिक सुविधाएं विकसित करने की आवश्यकता है और इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पर्यटन के क्षेत्र में आधुनिकता लाने और गुणवत्तापूर्ण पर्यटन (क्वालिटी टूरिज्म) को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में पार्किंग की समस्या पर राज्यपाल ने कहा कि छोटी-छोटी



पार्किंग सुविधाएं तथा मल्टीस्टोरी पार्किंग और रोपवे जैसे विकल्पों के माध्यम से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मेट्रोपोल को अस्थायी रूप से राज्य सरकार को आवंटित किया गया है तथा रक्षा संपदा की भूमि को पार्किंग उपयोग हेतु प्रयास जारी हैं। इससे पार्किंग की समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकेगा। कहा कि नैनीताल की नैनी झील इस क्षेत्र की आत्मा है और इसका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नेशनल हाइड्रोग्राफ र ऑफिसर देहरादून द्वारा झील का तकनीकी सर्वेक्षण किया गया है जिससे नैनी झील की स्थिति का समुचित आकलन कर उसके संरक्षण हेतु वैज्ञानिक कदम उठाए जा सकेंगे साथ ही उन्होंने पर्यटकों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी बल दिया।

बैठक के दौरान होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को कई सुझाव और समस्याओं से अवगत कराया। इनमें नैनीताल शहर की पार्किंग क्षमता बढ़ाने, ट्रैफि क व्यवस्था को सुदृढ करने तथा रक्षा संपदा की भूमि को पार्किंग हेतु उपयोग में लाने व वैकल्पिक पेयजल स्रोतों की तलाशए सीवर प्रणाली का सुधार, पंतनगर हवाई अड्डे के विस्तार व कुमाऊंनी संस्कृति को स्थानीय व्यंजनों के माध्यम से बढ़ावा देने, रूरल आर्ट कमीशन की स्थापना तथा हॉर्टीकल्चर पर्यटन को प्रोत्साहन जैसे विषय प्रमुख थे। राज्यपाल ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इन पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि इन विषयों को संबंधित विभागों, स्थानीय प्रशासन व मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा और जहां संभव होए शीघ्र अमल किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ सुझावों पर कार्य पहले से ही प्रारंभ हो चुका है। इस अवसर पर होटल एसोसिएशन नैनीताल के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट सहित होटल एसोसिएशन नैनीताल के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन की अपील

**नैनीताल** । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने विश्व पर्यावरण दिवस (आज) के अवसर पर प्रदेश वासियों से पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन का संकल्प लेने और इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारा पर्यावरण, प्रकृति की सबसे अनुपम देन है, शुद्ध वायु, स्वच्छ जल व हरियाली और जैव विविधता यह सब हमें विरासत में मिला है और इसे सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को प्रकृति ने विशेष आशीर्वाद दिया है। हमारे पर्वत, वन व नदियाँ और विविध वन्य जीवन केवल हमारे राज्य की पहचान ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता की धरोहर हैं। अत- हमें चाहिए कि हम इनकी रक्षा के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करें। कहा कि जब जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता की हानि जैसी चुनौतियाँ हमारे सामने हैं तब हमें सजग होकर वृक्षारोपण करना, प्लास्टिक का उपयोग बंद करना व जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखना और अपने आस पास के परिवेश को स्वच्छ रखना व छोटे छोटे लेकिन प्रभावी कदम उठाने होंगे।



# नियमितीकरण को 334वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन बुधवार को 334वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडऩे के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत उत्तराखंड टूर ट्रेवल्स संस्था के माध्यम से जा रहे आदि कैलाश यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई एवं शपथ रजिस्टर भरवाया ।

यात्रियों को हिमालय को कूड़ा मुक्त बनाने की अपील के साथ गुंजी पर्यटक आवास गृह के समीप बंजर भूमि में बन रहे यादों का जंगल में पौधारोपण हेतु पौधे दिए गए यात्रियों ने दिनेश गुरु रानी की पहल की सराहना की कहा कि वे यात्रा पूरी करने के उपरांत अपने घर पर भी पौधारोपण करेंगे। कार्यक्रम में संस्था के निदेशक लोकेश चंद उपस्थित रहे।

# बैठक में समस्याओं के संबंधित प्रस्तावों की चर्चा के बाद मंजूरी दी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर पालिका सभागार में बुधवार को सार्वजनिक निर्माण समिति की पहली बैठक समिति के अध्यक्ष पूरन सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में हुई जिसमें शहर के विभिन्न वार्डों में सडक़ों, नालियों तथा दीवारों की मरम्मत समेत अन्य समस्याओं के संबंधित प्रस्तावों की चर्चा के बाद मंजूरी दी गई।

इस दौरान पूरन सिंह बिष्ट ने बताया कि बैठक में विभिन्न वार्डों में सडक़ निर्माण समेत सीढियों का निर्माण व क्षतिग्रस्त मार्गों का जीर्णोद्धार तथा सीसी मार्ग पुनरनिर्माण के साथ ही नालियों में जालियां लगाना व नालियों की मरम्मत व रैलिंग लगाना आदि प्रस्तावों पर मंजूरी दी गई और विभिन्न वार्डों में जनता की सुविधा को देखते हुए कई कार्यों के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गई है। बताया कि पालिका का कहना है कि बजट आते ही निर्माण और जीर्णोद्धार कार्य शुरू किए जाएंगे। जनता की सुविधा को देखते हुए सभी वार्डों में बजट के अनुरूप कार्य कराए जाएंगे। बैठक में समिति की ओर से भगवत सिंह रावत, जितेंद्र पांडे, अंकित चंद्रा, गजाला कमाल, गीता उप्रेती, काजल आर्य, लता दफौटी, शीतल कटियार, रमेश प्रसाद, मनोज साह जगाती, राकेश पवार जबकि नगरपालिका के जेई विपिन पुरोहित, सूरज व चेतन समेत अन्य लोग मौजूद रहें।



## NEWS / फटाफट

### मां नैना देवी मंदिर के स्थापना दिवस पर धार्मिक अनुष्ठान



**नैनीताल**। सरोवर नगरी में बुधवार को मां नैना देवी मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर हवन के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भरी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। प्रात: कुलपूजा के बाद मंदिर परिसर में हवन शुरू किया गया पंडित बसंत बल्लभ पांडे ने हवन संपन्न कराया। जिसमें यजमान के रूप नैना देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह, प्रदीप साह, भीम सिंह कार्की, विजय लाल साह, महेश भट्ट सपत्नीऔजूद रहे।

### मयंक ने जेईई एडवांस की परीक्षा उत्तीर्ण की



**नैनीताल** । नैनीताल जिले के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट के छोटे मेधावी बेटे मयंक बिष्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा कराए जेईई एडवांस- 2025 की परीक्षा उत्तीर्ण की है। बता दें कि मयंक ने नैनीताल के सेंट जोसफ कॉलेज से 12 वीं साइंस से स्कूल में 3 रैंक के साथ पास की है। जेईई एडवांस की परीक्षा पास करने के बाद हालाकि उन्हें आईआईटी जैसे संस्थानों में कम्प्यूटर साइंस में दाखिला मिलना मुश्किल होगा परन्तु कम्प्यूटर साइंस में आईआईआईटी और एनआईटी जैसे संस्थानों में आसानी से एडमिशन हो सकता है। मयंक ने इस परीक्षा को पास करने के लिए किसी कोचिंग संस्थान का सहारा भी नहीं लिया व सेल्फ स्टडी कर उन्होंने इस परीक्षा को पास किया है। मयंक की इस कामयाबी से उनके माता- पिता व भाई और परिजनों में खुशी की लहर है । मयंक का बड़ा भाई चित्रांशु भी कम्प्यूटर साइंस से बीटेक करने के बाद वर्तमान में बेंगलूर में जापान की कंपनी हिटाची में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**-संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन में सैलानियों की भीड़ उमड़ी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन में सैलानियों की भीड़ उमडऩा जारी है। बुधवार को भी नगर के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार रहे। दूसरी ओर बुधवार को दिनभर मौसम भी बेहद सुहावना बना रहा।

बता दें नगर में अब धीरे-धीरे नगर में ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन उछाल पर है। नगर के होटलों के अधिकांश कमरे पैक रहने लगे हैं। पार्किंग स्थल भी फुल हो चले हैं। इस बीच नगर के पर्यटन स्थलों में पूरे दिन खूब चहल पहल रही। मल्लीताल पंत पार्क, भोटिया बाजार समेत मालरोड में रौनक रही । रेस्टोरेंट व गिफ्ट सेंटरों में खरीदारी करते सैलानी बड़ी संख्या में सैलानी नजर आए। चिडियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन



व वॉटरफ ॉल व हनुमानगढ़ी में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही बनी रही। नौकायन करने वाले सैलानियों का तांता लगा रहा। सैलानियों की भीड़ उमडऩे से पर्यटन कारोबारी खुश हैं। इस बीच हल्द्वानी मार्गव भवाली रोड व कालाढूंगी रोड पर कई बार जाम लगने से पर्यटकों को परेशानी हुई।

# शिक्षणेतर कर्मचारी संघ के चुनाव संपन्न

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षणेतर कर्मचारी संघ (प्रशासनिक भवन) के द्विवार्षिक चुनाव बुधवार को प्रशासनिक भवन में मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. ललित मोहन तिवारी के निर्देशन में सम्पन्न हुए। इस चुनाव में 112 में से 105 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। बता दें कि चुनाव में अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष तथा सचिव पदों पर ही मतदान करवाया गया शेष पदों महिला उपाध्यक्ष पद पर शैलजा वर्मा जबकि उप सचिव पद में रंजीत कीर्ति तथा कोषाध्यक्ष पद पर संजीत राम पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। रोचक चुनावी मुकाबले में अध्यक्ष पद पर डॉ. मोहित सनवाल पुन- अध्यक्ष निर्वाचित हुए उन्हें 59 मत प्राप्त हुए जबकि नवल किशोर को 45 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर ओम प्रकाश सगटा को 61 मत मिले जबकि तारा सिंह रेखोला को 39 मत प्राप्त हुए। सचिव पद पर जगदीश चन्द्र पुन- निर्वाचित हुए उन्हें 64 मत प्राप्त हुए



जबकि नवीन उप्रेती को 36 मत प्राप्त हुए। चुनाव सम्पन्न करवाने में चुनाव अधिकारी संजय पंत, राकेश विश्वकर्मा तथा नवीन चंद्र पनेरू द्वारा योगदान दिया गया। चुनाव के उपरांत मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो0 ललित मोहन तिवारी द्वारा सभी पदाधिकारियों अध्यक्ष डॉ0 मोहित सनवाल, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सगटा, उपाध्यक्ष शैलजा वर्मा, सचिव जगदीश चंद्र व उपसचिव रंजीत कीर्ति, कोषाध्यक्ष संजीत राम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। चुनाव सम्पन्न कराने में बहादुर राम,अकरम अली, यशवंत सिंह, देवेंद्र आर्य तथा सभी कर्मचारियों द्वारा सहयोग दिया गया।

# अभिमत

## संकीर्ण मानसिकता

***कांग्रेस के चार सांसद प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और जयराम रमेश ने संकीर्ण मानसिकता का परिचय देते हुए अपनी ही पार्टी के सांसदों पर संदेह प्रकट कर दिया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सांसद राष्ट्रवादी भावना से भारत का पक्ष और आतंकवाद का विरोध करेंगे। पार्टी तो छोड़ी नहीं है। कांग्रेस के कर्ताधर्ता सोच रहे हैं कि प्रतिनिधिमंडल में शामिल सांसदों का झुकाव भाजपा की ओर है। आतंकवाद किसी पार्टी का मुद्दा नहीं है।***

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पूरे भारत में आक्रोश था। विपक्षी दल और देशवासी चाहते थे कि सरकार पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने ध्वस्त कर दिये। पाकिस्तान की सेना ने जवाबी हमले किये तो भारतीय सेना ने पाकिस्तान की मिसाइल, ड्रोन और विमानों को नष्ट करने के साथ ही दुश्मन की सैन्य चौकियों को तबाह कर दिया। संघर्ष के दौरान भारत के विपक्षी दलों ने सरकार तथा सेना के साथ एकजुटता दिखाई। विपक्षी दलों ने सरकार के निर्णय से सहमति जाहिर की। संघर्ष विराम होने के बाद सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया के कई देशों में भेजकर आतंकवाद फैलाने के लिए पाकिस्तान को बेनकाब करने का निर्णय लिया। कांग्रेस के चार सांसद प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और जयराम रमेश ने संकीर्ण मानसिकता का परिचय देते हुए अपनी ही पार्टी के सांसदों पर संदेह प्रकट कर दिया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सांसद राष्ट्रवादी भावना से भारत का पक्ष और आतंकवाद का विरोध करेंगे। पार्टी तो छोड़ी नहीं है। कांग्रेस के कर्ताधर्ता सोच रहे हैं कि प्रतिनिधिमंडल में शामिल सांसदों का झुकाव भाजपा की ओर है। आतंकवाद किसी पार्टी का मुद्दा नहीं है। पाकिस्तान पड़ोसी देश की भूमिका में कभी नहीं रहा और वह दुश्मन है। इसी तरह आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए घातक है। कांग्रेस के सांसद इन्हीं दो तथ्यों से विदेश में भारत के लिए समर्थन जुटायेंगे। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में विभिन्न देशों से सहयोग मांगेंगे। विदेश यात्रा से वापस आकर अपनी पार्टी के लिए काम करेंगे। कांग्रेस को अपनी जागीर मानने वालों से ही पार्टी को सबसे अधिक नुकसान हो रहा है। दरअसल शशि थरूर ने कई बार कांग्रेस की नीतियों पर खुले मंच से बेबाक टिप्पणी की है। पार्टी की दुर्दशा पर चिंता जाहिर करना अनुचित नहीं है। शशि थरूर की चिंता पर पार्टी नेतृत्व को विचार करके सुधार की जरूरत है। चाटुकारों से घिरे नेतृत्व को सच बात सुहाती नहीं है। चाटुकार ही सबसे अधिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस नेतृत्व की चिंता है कि शशि थरूर दलबदल करके भाजपा में चले गये तो केरल में उन्हें बड़ा झटका लग सकता है। शशि थरूर केरल में कांग्रेस का बड़ा चेहरा और थिंक टैंक हैं। थिंक टैंक और योग्य होने की वजह से ही उन्हें प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है।

# हर व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिये, डीएम

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार,एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पाण्डेय, सीईओ केएस रावत, ने जिला कार्यालय परिसर व एवीएम वेयर हाउस में फलदार पौधो का रोपण किया और सभी को पर्यावरण दिवस की बधाई दी।



**कार्यक्रम**

- जिला कार्यालय परिसर व एवीएम वेयर हाउस में फलदार पौधरोपण किया

उन्होने कहा कि पौधे हमें शुद्ध हवा पानी देते है तथा पर्यावरण, जल संरक्षण के लिये भी महत्वपूर्ण है इसलिये हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिये व पौधो का संरक्षण भी करना चाहिये। डीएम ने कहा कि हरेला पर्व व वर्षाकाल में वृह्द पौधारोपड़ अभियान चलाया जायेगा। वृक्षारोपण अभियान ग्राम पंचायत से लेकर न्याय पंचायत, ब्लाक स्तर व जिला स्तर तक चलाया जायेगा जिसमे सभी जनप्रतिनिधियों, स्वंय सहायता समूह, स्कूली बच्चों के साथ ही जनसहभागिता होगी। डीएम ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने की शपथ दिलाई साथ ही स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी निर्वाचनों में मतदान करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में पर्यावरण व निर्वाचन पर विभिन्न स्कूलो में निबन्ध, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया व वृद्ध मतदाता सेहरू निशा, संजीदा, शीला देवी, दिव्यांग मतदाता अरविन्द चौधरी, अनिल मालाकार व युवा मतदाता हीना, हसन, सैफअली को जूट के बैग देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य कृषि अधिकारी डॉ अभय सक्सेना,ईई सिंचाई बीएस डांगी, जिला पंचायतरात अधिकारी महेश कुमार,अर्जुन पुरस्कार विजेता/स्वीप आईकॉन मनोज सरकार, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि शामिल रहे।

## भारतीय सेना के जवानों के साथ पौधारोपण किया

**हल्द्वानी।** एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के माध्यम से पृथ्वी को स्वच्छ एवं हरा भरा रखने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर संस्था पदाधिकारियों ने भारतीय सेना के जवानों के साथ मिलकर हल्द्वानी आर्मी कैंट में फलदार छायादार पौधारोपण कर आम जनमानस को पौधारोपण करने एवं वृक्षों का संरक्षण करने के लिए जागरूक किया।

इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू मीडिया प्रभारी मुकेश सरकार ने संयुक्त रुप से कहा कि पर्यावरण और मानव का संबंध बहुत ही घनिष्ठ है क्योंकि हमारे स्वस्थ जीवन के लिए पृथ्वी ग्रह पर स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण की महत्वपूर्ण भूमिका है । इस दौरान पौधारोपण करने में सैन्य अधिकारियों सहित भारतीय सेना के सैकड़ों जवान के साथ संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष बलराम हालदार मीडिया प्रभारी मुकेश सरकार मार्गदर्शक पूर्णिमा रजवार योगिता बनोला धर्मपाल दीपा रावत अंशिका साहू सूरज मिस्त्री निखिल कुमार खुशी नागर मनीष साहू अमन कुमार सुशील राय दीपक कुमार सूरज कुम्हार मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## शहरी वनों के विस्तार और जनभागीदारी पर दिया जोर

**हल्द्वानी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयुक्त/सचिव मा0 मुख्यमंत्री, दीपक रावत, ने आज कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस का उद्देश्य आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और उन्हें इसके लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। आयुक्त ने कहा कि पूरे कुमाऊँ मंडल में वृक्षारोपण का अभियान कुछ दिनों से चल रहा है। हमारे राज्य की विशेषता यहाँ की हरियाली है — हमारे वन ही हमारी पहचान हैं। इन्हें संरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। शहरी क्षेत्रों में यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण अवश्य है, लेकिन शहरी वनों (अर्बन फारेस्ट) को बढ़ाना बेहद जरूरी हो गया है। इसके लिए सरकार के साथ-साथ आम जनता और सिविल सोसाइटी को भी आगे आना होगा। इ

# यूथ भारती फाउंडेशन का पौधरोपण अभियान

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यूथ भारती फाउंडेशन द्वारा तराई पूर्वी वनप्रभाग के सहयोग से आज गौला रेंज के विंड एनर्जी परिसर में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया।




यूथ भारती फाउंडेशन के स्वयंसेवकों एवं वन कर्मियों ने हल्दू, शीशम, जामुन, नींबू आदि प्रजाति के सौ से अधिक पौधों का रोपण किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के %एक पेड़ मां के नाम% के संकल्प का अनुसरण करते हुए सभी ने एक-एक पौधे का रोपण किया।


प्रभागीय वन अधिकारी तराई पूर्वी हिमांशु बागरी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज प्रधानमंत्री के %एक पेड़ मां के नाम% के संकल्प के तहत राज्य सरकार ने इस अभियान का द्वितीय चरण प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा यह अभियान विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू होकर हरेला पर्व तक जारी रहेगा। यूथ भारतीय फाऊंडेशन उत्तराखंड के संयोजक डॉ. गौरव गुप्ता ने विश्व पर्यावरण दिवस की सभी को बधाई देते हुए पर्यावरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा यूथ भारती सामाजिक क्षेत्र में विभिन्न विषयों पर युवाओं को जागरुक कर रही है जिसमें पर्यावरण एक अहम आयाम है।अंत में यूथ भारती के मीडिया प्रभारी अरविंद मलिक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर तराई पूर्वी वन विभाग के प्रभागीय वनाधिकारी समेत सभी वनकर्मियों का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व यूथ भारती के स्वयंसेवकों व वन कर्मियों ने परिसर के बाहर मुख्य मार्ग पर सफाई अभियान चलाकर सड़क किनारे पड़ी पॉलिथीन व अन्य कूड़ा सामग्री को एकत्र किया। कार्यक्रम में उप प्रभागीय वनाधिकारी संतोष कुमार पंत, वन क्षेत्राधिकारी चंदन सिंह अधिकारी, यूथ भारती के सतीश कुमार व हरेंद्र भंडारी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# फिल्मी दुनिया

## रवि दुबे और सरगुन ने की नए प्रोजेक्ट की घोषणा, प्रमुख भूमिका होंगे आएंगे संजय मिश्रा






*संजय मिश्रा अब रवि दुबे और सरगुन मेहता द्वारा प्रोड्यूस एक नई फिल्म में नजर आएंगे। एक्टर-प्रोड्यूसर रवि दुबे और उनकी पत्नी व अभिनेत्री सरगुन मेहता ने अपने प्रोडक्शन हाउस ड्रीमियाता ड्रामा के नए प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। साथ ही दोनों ने अपने नए वर्टिकल 'ड्रीमियाता ड्रामा डिस्कवरी' की भी घोषणा की है। इसके तहत उनका पहला प्रोजेक्ट एक फिल्म है, जिसमें दिग्गज अभिनेता संजय मिश्रा प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। रवि और सरगुन का यह नया प्रोजेक्ट उनके ड्रीमियाता ड्रामा के यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। हालांकि, प्रोजेक्ट को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन प्रोजेक्ट के नाम 'चंपा लीला' होने से और इसमें संजय मिश्रा के होने से इसको लेकर दर्शकों का उत्साह बढ़ गया है। टीवी से अपने करियर की शुरुआत करने वाले रवि दुबे और सरगुन मेहता एक्टर होने के साथ-साथ प्रोड्यूसर भी हैं। दोनों ने कई म्यूजिक वीडियो, टीवी सीरियल और वेब शो प्रोड्यूस किए हैं। हाल ही में दोनों ने अपना एक नया शो 'तुझसे है आशिकी' की घोषणा की थी। जो 6 जून को शाम 5 बजे ड्रीमियाता ड्रामा पर प्रीमियर होगा। इसके अलावा दोनों ने उड़ारियां और मत्स्यकांड जैसे शो को भी प्रोड्यूस किया है।*

### इंस्टाग्राम पर शेयर की पोस्ट

*रवि दुबे ने अपने इस नए प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। उन्होंने फिल्म का एक पोस्टर साझा किया है। जिसमें संजय मिश्रा नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए रवि दुबे ने लिखा, 'ड्रीमियाता ड्रामा के एक नए वर्टिकल 'ड्रीमियाता ड्रामा डिस्कवरी' की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। जहां हम अपने प्लेटफॉर्म पर सिंडिकेटेड कंटेंट दिखाएंगे। स्लेट से पहला है 'चंपा लीला', जिसमें दिग्गज कलाकार संजय मिश्रा प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।*

# तरणताल में डूबकर सात वर्षीय मासूम की मौत

**दिनेशपुर**

**हमारे संवाददाता**

मां के संग गूलरभोज के बौर जलाशय घूमने गई सात साल की बच्ची की स्विमिंग पूल डूबने से मौत हो गई। बताया गया की मां के चेंज रूम में कपड़े बदलने के दौरान मासूम का पांव फिसल गया और वह पानी में डूब गई।

दिनेशपुर में मां के संग गूलरभोज के बौर जलाशय घूमने गई सात साल की बच्ची की स्विमिंग पूल डूबने से मौत हो गई। बताया गया की मां के चेंज रूम में कपड़े बदलने के दौरान मासूम का पांव फिसल गया और वह पानी में डूब गई। वार्ड तीन निवासी संजीव वाला सिडकुल में श्रमिक है। बुधवार की दोपहर उसकी पत्नी आरती वाला अपनी बड़ी बेटी 14 साल की दिव्या और छोटी सात साल की आक्षी को लेकर अपने परिचितों के साथ बौर जलाशय में घूमने चली गई। जलाशय के रिजॉर्ट के पास स्थित स्विमिंग पूल में नहाने के बाद आक्षी की मां आरती और बड़ी बहन दिव्या चेंजिंग रूम चली गई। इस बीच पांव फिसलकर



आक्षी स्विमिंग पूल में गिर गई। आरती ने लौटकर देखा तो उसके होश उड़ गये। काफी खोजबीन के बाद बच्ची को पानी के अंदर से निकाला गया। आननफानन उसे बाजपुर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया।

जहां बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया। देर शाम स्थानीय श्मशान घाट में गमगीन माहौल में बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया गया। हादसे से माता पिता के साथ परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आक्षी नगर के एक स्कूल में कक्षा दो में पढ़ती थी। उसकी बड़ी बहन दिव्या कक्षा सात की छात्रा है।

## News कॉर्नर

### भाजपा नेता हेम चंद्र ने भवाली अग्निकांड पीड़ितों को आर्थिक सहायता दी

**नैनीताल** । बीते दिनों भवाली में दुकानों और घरों में आग लगने से दुकानदारों और लोगों का लाखों का सामान जलकर राख हो गया था। वही बुधवार को भाजपा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता हेम चंद्र आर्य ने पीडितों से मुलाकात कर उनकी आर्थिक सहायता की। इस दौरान आर्य ने कहा कि पीडितों को जो भी नुकसान हुआ है वह अब मामले को सीएम पुष्कर सिंह धामी तक पहुंचाएंगे। इस दौरान उन्होंने पीडितों के घर जाकर उनसे मुलाकात की और आश्वासन दिया कि जो भी उनसे हो सकेगा वह लोगों की की आर्थिक मदद करेंगे, साथ ही उन्होंने कहा कि आगे भी पीडितों की मदद की जाएगी। वही पीडितों ने भी हेम आर्य का धन्यवाद किया।

### तत्काल आर्थिक सहायता को काफी साराहा

**नैनीताल।** भवाली में हुए भीषण अग्निकांड में हुए में बुरी तरह से प्रभावित लोगों के लिए मानवीय सहायता के लिए कुछ लोग आगे आए हैं जिनसे उनका मनोबल बड़ा है और लोगों ने इस तरह की तत्काल आर्थिक सहायता को काफी साराहा। भाजपा की वरिष्ठ नेता हम आर्य भवाली होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपिल द्वारा प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उन्हें तत्काल मानवी सहायता के रूप में 15000 रुपएं का दिए जिससे बेघर पर हो चुके लोगों में थोड़ा राहत महसूस हुई। प्रभावित लोगों ने काफी सराहना प्रभावित लोगों का कहना था कि अग्निकांड में उनकी हुई नुकसान का प्रशासन द्वारा सर्वे कर लिया गया है लेकिन यह प्रक्रिया लंबी है जो तत्काल आर्थिक सहायता अभी मिली है उससे उन्हें बहुत राहत मिली है यह राशि रितेश आर्य लक्ष्मी नेगी महेश कनौजिया कमल चौधरी को बांटी जाएगी इस अवसर पर भवाली नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पंकज आर्य हितेश नेगी हेम आर्य राजेंद्र कपिल एडवोकेट प्रशांत जोशीमन्नू तिवारी राहुल कनौजिया राजेंद्र आर्य सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में सिर्फ बाहरी दिखावा, भीतर जर्जर हालात

उत्तरांचल दीप

**सलीम खान, हल्द्वानी**

जब भी हम चिकित्सालयों की बात करते हैं तो आमतौर पर उनकी सफाई, व्यवस्था, और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में सोचते हैं। लेकिन, हल्द्वानी के सोबन सिंह बेस चिकित्सालय का दौरा करते समय अगर आप भीतर के अंधेरे को देखेंगे, तो जो हालात सामने आएंगे, वे निश्चित रूप से चौंकाने वाले होंगे। यहां के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए आवंटित दस आवास, जो जर्जर हो चुके हैं, किसी भी कर्मचारी के रहने के लायक नहीं हैं। इनमें से एक आवास में मात्र एक सफाई नायिका जीवन जी रही है, जो अपने हालात में न तो आरामदायक स्थिति पा रही है





और न ही अपनी मेहनत के लिए उचित सम्मान।

यह टाइप 1 श्रेणी के छोटे कमरे थे जो कभी वार्ड बॉयज के लिए बनाए गए थे। इनकी तनख्वाह इतनी कम है कि वे खुद इन आवासों की मरम्मत नहीं करवा सकते थे। जब इस मुद्दे को प्रमुख अधीक्षक और ट्रेजरी अधिकारी ने देखा, तो एक कमेटी बनाकर कर्मचारियों से खुद पैसे लगवाने का निर्णय लिया। कुछ कर्मचारियों ने अपनी मेहनत से इन आवासों का जीर्णोद्धार कराया, तो कुछ ने अन्य रकम से। लेकिन, यह तो और हैरान करने वाली बात है कि अस्पताल के उच्च अधिकारियों को ही यह तक नहीं पता कि इन आवासों का हिसाब-किताब क्या है और इन्हें कब, किसे आवंटित किया गया था। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि जिन कर्मचारियों को ये आवास दिए गए थे, उनमें से कई अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। अधिकारियों ने शायद भूला ही दिया कि इनके लिए शासन से कई बार प्रस्ताव भेजे गए थे, लेकिन वह प्रस्ताव कभी मंजूर नहीं हुए। जबकि, चिकित्सालय के तीन मुख्य द्वार, जिनकी लागत लाखों रुपये आई, उनकी मरम्मत या निर्माण में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आई। इन मुख्य द्वारों (दरवाजों) के निर्माण के लिए खनन न्यास समिति के फंड से धन खर्च किया गया, जबकि इस राशि को कर्मचारियों के आवासों की स्थिति सुधारने में लगाया जा सकता था। इससे एक सवाल उठता है, क्या बाहर की चमक दमक अधिक महत्वपूर्ण है या अस्पताल के कर्मचारियों के हालात बेहतर करना? शासन और प्रशासनिक अधिकारियों की प्राथमिकता क्या होनी चाहिए—आवश्यकताओं और दयनीय स्थिति में जी रहे कर्मचारियों को सुधारने की या फिर सिर्फ बाहरी दिखावे पर खर्च करने की? अस्पताल में सफाई व्यवस्था पर सीएमएस का सफाई से पल्ला झाड़ना, ठेकेदार व्यवस्था को ठहराया जिम्मेदार इस पूरे मामले में जब हमने सोबन सिंह बेस अस्पताल के सीएमएस के के पांडेय से बात की तो उन्होंने पूरे मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है। वैसे भी अस्पताल में सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी ठेकेदार प्रथा के तहत संचालित की जाती है।

# एक पेड़ मां के नाम के आह्वान के साथ समर कैंप का विधिवत समापन

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

सचिव स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार रा0 बा0 इ0 का0 चोरगालिया में भारतीय भाषा समर कैंप का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ विधिवत समापन किया गया।

छात्राओं को भारत की प्राचीन भाषा संस्कृत को लेते हुए विविध कार्यक्रम और क्रियाकलाप आयोजित कराये गये। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष भाजपा गौलापार चोरगालिया पान सिंह मेवाड़ी ने आयोजित कार्यक्रमों की सराहना करते हुए , वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की अपील की।

ईको क्लब के तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विविध गतिविधियाँ आयोजित की गयी।

तरुणा वर्मा और अमिता जोशी ने कबाड़ से जुगाड़ आधारित कई सौंदर्य



परक वस्तुओं का निर्माण कराया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर पेंटिंग , भाषण , काव्य पाठ प्रतियोगिताये आयोजित की गयी। छात्राओं ने लघु नाटक के माध्यम से धरती मां को स्वच्छ रखने का संदेश दिया. प्रधानाचार्या तनुजा जोशी ने कहा कि धरती हमारी समस्त आवश्यकताओ को पूरा करती है पर हमारे लालच को पूरा नहीं कर सकती. उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया । इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य रितेश चंद्र बुधानी , राष्ट्रीय स्वयं सेवक खण्ड विक्रम विक्रम बिष्ट , इको क्लब प्रभारी ममता सुयाल , कैलाश भट्ट, अनिल भंडारी , नौमी सहित अभिभावक उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों के लिए एचसीएफडी बैंक में इंटर्नशिप के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का सफल आयोजन किया

नैनीताल

**हमारे संवाददाता**

कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की दूरदर्शी सोच और मार्गदर्शन में कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के प्लेसमेंट सेल द्वारा बुधवार को एचसीएफडी बैंक में इंटर्नशिप के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का सफल आयोजन किया गया।

बता दें कि यह पहल विद्यार्थियों के लिए उद्योग से जुड़ाव और कैरियर अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। कार्यक्रम में प्रारम्भ में 122 छात्रों द्वारा अधिग्रहण किया गया था। इस कार्यक्रम में 52 से अधिक छात्र/छात्राओं ने भाग लिया जिसमें समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार जैसे चरण शामिल थे। प्रारंभिक मूल्यांकन के आधार पर 26 से अधिक विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इस कार्यक्रम का समन्वयन प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. दिव्या जोशी एवं डॉ. किरण तिवारी ने किया। विश्वविद्यालय की ओर से श्री पंकज तथा श्री राजेश और श्री सचिन ने विशेष सहयोग प्रदान किया जबकि एचडीएफ सी बैंक की ओर से कुमाऊँ क्षेत्र के क्लस्टर हेड श्री राजीव तथा श्री सचिन नेगी ने चयन प्रक्रिया को सम्पन्न किया और विद्यार्थियों से संवाद किया।



# एंटी ह्यूटमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने चलाया मानव तस्करी और बाल श्रम, गुमशुदाओं की बरामदगी को जागरूकता अभियान

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**

एसएसपी के दिशा निर्देश पर जनपद में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्या के पर्यवेक्षण में विभिन्न जगहों पर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत टीम ने भूरारानी, बगवाडा समेत मलिन बस्तियों में पहुंच कर एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इसमे टीम ने वहां मौजूद बालिकाओं महिलाओं,पुरुषो,को मुख्य उद्देश्य जैसे मानव तस्करी, बाल श्रम,महिलाओं के साथ होने वाले अपराधो के मामले में जागरूक किया। इसके साथ ही सामाजिक बुराइयों के खिलाफ प्रभावी उपायों के प्रति सचेत रहने को कहा। टीम ने बाल श्रम, मानव तस्करी के खतरों और इनके प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी।

प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्या ने कि मानव तस्करी के विभिन्न प्रकार और इसके शिकार लोगों के जीवन पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि मानव तस्करी और बाल श्रम से यह बचने के उपाय और सहायता प्राप्त करने के संसाधनों के टोल फ्री नंबर जैसे डायल 112, 1098, 1930, 108, जानकारी दे सकते हो।



### 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंट डाउन कार्यक्रम आयोजित

**गदरपुर।** 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंट डाउन कार्यक्रम में गदरपुर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे , नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर ,पूर्व पालिका अध्यक्ष राकेश भुडी व सभी पार्षदगण, आयोजक जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ आलोक कुमार शुक्ला ,ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ सुरेंद्र पपनेजा, डॉ रवीन्द्र शाह, डॉ ऋषि गुप्ता, फार्मेसी अधिकारी रूपेश सुंदरियाल , चंद्र प्रकाश, रंजीत उपस्थित रहे।

# चोरों ने सोने चांदी के समेत हजारों की नगदी पर हाथ साफ किया

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की जेवरात, हजारों की नगदी समेत अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया।

**घटना**

- **संबंधित थाना पुलिस घटना से अंजान, पीड़िता ने एसएसपी को सौंपा प्रार्थना पत्र**

मकान स्वामी ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। जनपद रोड महा लक्ष्मी फेस 1 निवासी सरिता देवी पत्नी महेश कुमार ने पुलिस को सौंपी तहरीर मे बताया कि 29 मई को वह अपने गाँव गई थी। वह अपने कमरे की चाबी पडोस में रहने वाले व्यक्ति की माँ को दी थी। बताया कि अगले दिन भाई अनिकेत कमरे पर गया तो उसने घर ताला टूटा देखा। कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा।

महिला के मुताबिक चोर घर से चार जोडी सोने की नाक की पिन, चार चोडी चॉदी की पयाल, एक जोडी चाँदी की मोटी पयाल, एक सोनी की चैन,दो जोडी चाँदी के कडे,दो जोडी चाँदी की करधनी, 10 चाँदी के छत्र, 7 चोंदी के सिक्के, 6 जोडी चॉदी के विछिया एक सोने का ओम, एक सोने की टूटी हुई अगूंठी और 70,000/- रूपये समेत अन्य सामान चोरी हो गया। महिला ने पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की। इधर संबंधित थाना पुलिस से जानकारी चाही तो इस घटना से इंकार कर दिया।

# ईद का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर पीस कमेटी की बैठक

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**

ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर कोतवाली रुद्रपुर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान एसडीएम मनीष बिष्ट और सीओ पंतनगर डीआर वर्मा ने साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने का आहवान किया। उन्होनें कहा कि असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जायेगी। धार्मिक आयोजनों के दौरान संवदेनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नमाज मस्जिदों के अंदर ही पढ़ी जाए बाहर सड़क में नहीं। कोई भी व्यक्ति जानबूझकर किसी भी धर्म का अपमान नहीं करेगा यदि ऐसा करता पाया गया



तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्धारित कुर्बानी स्थलों में ही कुर्बानी करने की अपील की । कहा कि धार्मिक आयोजनों के दौरान सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम द्वारा सभी प्लेटफार्म पर मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने सभी से अपील की कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना को प्रचारित प्रसारित न करें अन्यथा विधि पूर्वक सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया जाएगा। धार्मिक आयोजनों के दौरान आवश्यक सेवा-बिजली, पानी आदि के संबंध में स्थानीय लोगों की समस्या से रूबरू होते हुए संबंधित कार्यदाई संस्था को पर्याप्त आपूर्ति का

**आह्वान**

- **नमाज़ के समय मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे**

प्रबंध करने के निर्देश दिए गए इस दौरान एसएसआई ललित मोहन रावल, एसएसआई नवीन बुधानी, एसआई मोहन चंद्र जोशी, एसआई नवीन जोशी ,नगर निगम से उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, एसआई कुलदीप, मुख्य बाजार क्षेत्र के पार्षद चिराग कालड़ा,मोहम्मद समीर, मोहम्मद दानिश रजा, हाजी बाबू खान, हाजी लियाकत अली, शब्बू बेग, इकराम मियां, मोहम्मद युनूस, शुभकम कुमार, इरशाद अंसारी, सौरभ भट्ट आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।